भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**राज्य सभा**
लिखित प्रश्न सं. 624
गुरूवार, 24 जुलाई, 2025/2 श्रावण, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**आंध्र प्रदेश में पर्यटन अवसंरचना के लिए वित्तीय सहायता**

**624 श्री साना सतीश बाबू:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पाँच वर्षों में आंध्र प्रदेश, विशेषकर काकिनाडा में पर्यटन अवसंरचना हेतु विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत आवंटित, जारी और उपयोग की गई वित्तीय सहायता कितनी है;

(ख) काकिनाडा में तटीय सर्किट हेतु स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत अवसंरचना परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है तथा अब तक कितनी धनराशि जारी की गई है;

(ग) स्वदेश दर्शन योजना 2.0 के अंतर्गत समुद्र तटीय पर्यटन की योजनाएँ क्या-क्या हैं;

(घ) टूरिज्म सेटेलाईट अकाउंट के अनुसार, रोजगार और स्थानीय समुदायों पर पर्यटन का, राज्य-वार, क्या आर्थिक प्रभाव पड़ता है;

(ङ) पर्यटन क्षेत्र में कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) का राज्य-वार योगदान क्या है और पर्यटन में निजी क्षेत्र के निवेश में राज्य-वार कितनी वृद्धि हुई है; और

(च) क्या कोई अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियाँ भारत में पर्यटन कार्यक्रमों का वित्तपोषण कर रही हैं, और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और प्रक्रियाएँ क्या हैं?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (च): पर्यटन स्थलों और पर्यटन उत्पादों का विकास और संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। हालाँकि, पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन (एसडी)', ‘स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0)', 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)' - स्वदेश दर्शन की एक उप-योजना और 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' नामक अपनी केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं के माध्यम से राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को धन की उपलब्धता, योजना के दिशानिर्देशों के अनुपालन और राज्य सरकार द्वारा विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) की प्रस्तुति के अध्यधीन उन्हें वित्तीय सहायता प्रदान करके पर्यटन अवसंरचना विकास संबंधी उनके प्रयासों को संपूरित करता है।

इसके अतिरिक्त, भारत सरकार ने 'पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई)' नामक अपनी पहल के तहत पर्यटन संबंधी परियोजनाओं के विकास के लिए आंध्र प्रदेश सहित अन्य राज्यों को वित्तीय सहायता भी प्रदान की है।

तटीय क्षेत्र सहित आंध्र प्रदेश राज्य में एसडी, एसडी 2.0, सीबीडीडी, प्रशाद और एसएएससीआई योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा **अनुबंध** में है।

पर्यटन मंत्रालय, पर्यटन क्षेत्र में नौकरियों की राज्यवार संख्या का लेखा-जोखा नहीं रखता है। हालाँकि, तृतीय टूरिज्म सेटेलाइट अकाउंट, 2015-16 और आवधिक लेबर फोर्स सर्वे के अनुसार, भारत में पर्यटन क्षेत्र में रोजगार परिदृश्य निम्न प्रकार है:

| **क्र.सं.** | **वित्तीय वर्ष** | **नौकरियों की संख्या (करोड़ में)** |
|---|---|---|
| 1. | 2019-20 | 6.94 |
| 2. | 2020-21 | 6.80 |
| 3. | 2021-22 | 7.00 |
| 4. | 2022-23 | 7.61 |
| 5. | 2023-24 | 8.46 |

पर्यटन मंत्रालय पर्यटन क्षेत्र में सीएसआर के योगदान से संबंधित आँकड़ों का संकलन नहीं करता है। हालाँकि, पर्यटन मंत्रालय राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को पर्यटन में निजी क्षेत्र के निवेश को आकर्षित करने की संभावनाओं का पता लगाने के लिए नियमित रूप से प्रोत्साहित करता है।

वर्तमान में, पर्यटन मंत्रालय के तहत किसी भी पर्यटन कार्यक्रम को अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों द्वारा वित्त पोषित नहीं किया जा रहा है।

*****

**अनुबंध**

श्री साना सतीश बाबू द्वारा आंध्र प्रदेश में पर्यटन अवसंरचना के लिए वित्तीय सहायता के संबंध में दिनांक 24.07.2025 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न संख्या 624 के भाग (क) से (च) के उत्तर में **विवरण**

**आंध्र प्रदेश राज्य में स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| **क्र. सं.** | **परिपथ/ स्वीकृति वर्ष** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत लागत** | **जारी/प्राधिकृत राशि** | **उपयोग की गई राशि** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | तटीय परिपथ 2014-15 | काकीनाडा - होप द्वीप - कोरिंगा वन्यजीव अभयारण्य - पसरलापुडी - अदुरू - एस यनम - कोटिपल्ली का विकास | 67.83 | 67.83 | 67.83 |
| 2. | तटीय परिपथ 2015-16 | नेल्लोर - पुलिकट झील - उब्बलामादुगु जलप्रपात - नेलापट्टू - कोथाकोडुरु - मायपाडु - रामतीर्थम - इस्कापल्ली का विकास | 49.55 | 49.55 | 49.55 |
| 3. | बौद्ध परिपथ 2017-18 | बौद्ध परिपथ: शालिहुंडम - बाविकोंडा - बोज्जनाकोंडा - अमरावती - अनूपु का विकास | 35.24 | 30.02 | 30.02 |

**आंध्र प्रदेश राज्य में स्वदेश दर्शन योजना 2.0 के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| **क्र. सं.** | **स्वीकृति वर्ष** | **गंतव्य** | **अनुभव का नाम** | **स्वीकृत लागत** | **राज्य कार्यान्वयन एजेंसी द्वारा उपयोग के लिए प्राधिकृत राशि** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2024-25 | बापतला | सूर्यलंका बीच अनुभव का विकास | 97.52 | 9.75 |
| 2. | 2023-24 | अराकू-लम्बासिंगी | अराकू में बोर्रा गुफ़ा का अनुभव | 29.87 | 2.99 |

**आंध्र प्रदेश राज्य में चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी) योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजना का विवरण:**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| क्र. सं. | स्वीकृति वर्ष | परियोजना का नाम | स्वीकृत लागत | राज्य कार्यान्वयन एजेंसी द्वारा उपयोग के लिए प्राधिकृत राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2024-25 | अहोबिलम - एक आध्यात्मिक यात्रा | 25.00 | 2.50 |
| 2. | 2024-25 | नागार्जुन सागर में बौद्ध विरासत और सांस्कृतिक अनुभवों का संवर्धन | 25.00 | 2.50 |

**आंध्र प्रदेश राज्य में पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| क्र. सं. | स्वीकृति वर्ष | परियोजना का नाम | स्वीकृत लागत | उपयोग के लिए जारी की गई राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2024-25 | गांडीकोटा में किले और गॉर्ज एक्सपीरियंस को समृद्ध बनाना | 77.91 | 113.75 |
| 2. | 2024-25 | राजमहेंद्रवरम में, अखंड गोदावरी - (हैवलॉक ब्रिज और पुष्कर घाट) | 94.44 | |

**आंध्र प्रदेश राज्य में प्रशाद योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजना का विवरण:**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| क्र. सं. | परियोजना का नाम | स्वीकृति वर्ष | स्वीकृत लागत | जारी की गई राशि | उपयोग की गई राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | गुंटूर जिले के अमरावती शहर का पर्यटन स्थल के रूप में विकास | 2015-16 | 27.77 | 27.77 | 27.77 |
| 2. | श्रीशैलम मंदिर का विकास | 2017-18 | 43.08 | 43.08 | 43.08 |
| 3. | विशाखापत्तनम मंदिर में सिंहाचलम में श्री वराह लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी वरी देवस्थानम | 2022-23 | 54.04 | 27.37 | 13.69 |
| 4. | अन्नावरम मंदिर शहर में तीर्थयात्रा पर्यटन अवसंरचना का विकास | 2024-25 | 25.33 | 0.00 | 0.00 |

*****